~~~

Series &RQPS/S

Set – 4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **62/S**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **35** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **19** printed pages.*
- *Please check that this question paper contains **35** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*
~~~

~~~

**_सामान्य निर्देश :_**

_निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :_

(i) _यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ ।**_

(ii) _इस प्रश्न-पत्र में कुल **35** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।_

(iii) _**खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1 – 16** हैं । ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है । प्रश्न के आधार पर, सिर्फ एक ही उत्तर हो सकता है ।_

(iv) _**खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **17 – 25** हैं । ये अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए ।_

(v) _**खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26 – 32** हैं । ये लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए ।_

(vi) _**खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **33 – 35** हैं । ये दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए ।_

(vii) _रेखाचित्र की सहायता से प्रश्न संख्या **33** का उत्तर दीजिए । दिए गए अनुच्छेद की सहायता से प्रश्न संख्या **34** का उत्तर दीजिए ।_

## खण्ड क

**1.** अभिकथन _(A) :_ भारतीय राज्यों पर ब्रिटिश अधिकार के बाद तंजौर, ढाका और मुर्शीदाबाद की राजसभाओं का विघटन हो गया ।

_कारण (R) :_ ब्रिटिश औद्योगीकरण का एक उल्टा असर यानी कि भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण (डीइंडस्ट्रीयलाइजेशन) हुआ । भारत में कुछ पुराने, परम्परागत नगरीय केन्द्रों का भी पतन हो गया ।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या _**नहीं**_ है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा में किसी संस्कृति-विशेष के बाह्य तत्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति भी होती है ? परंतु आवश्यक नहीं कि वे प्रजातंत्र और सामाजिक समानता जैसे आधुनिक मूल्यों में भी विश्वास रखते हों ।

(A) आधुनिकीकरण (B) संस्कृतिकरण

(C) पंथनिरपेक्षीकरण (D) पश्चिमीकरण
~~~

∼∼∼

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into **four** sections — **Section A, B, C** and **D**.*

*(ii)* *There are **35** questions in all. **All** questions are **compulsory**.*

*(iii)* ***Section A** includes questions no. **1 – 16**. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* ***Section B** includes questions no. **17 – 25**. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C** includes questions no. **26 – 32**. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D** includes questions no. **33 – 35**. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each.*

*(vii)* *Question no. **33** is to be answered with the help of given graphics. Question no. **34** is to be answered with the help of given passage.*

## SECTION A

**1.** *Assertion (A) :* When the British took over Indian states, towns like Thanjavur, Dhaka and Murshidabad lost their courts.

*Reason (R) :* British industrialisation led to deindustrialisation in some sectors, and decline of old urban centres.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**2.** Which of the following concepts involves the imitation of external forms of culture ? It does not necessarily mean that people adopt modern values of democracy and equality.

(A) Modernization (B) Sanskritisation

(C) Secularisation (D) Westernisation

3. निम्नलिखित में से स्वतंत्र भारत में भूमि सुधार के बारे में कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(A) ज़मींदारी व्यवस्था को समाप्त करना

(B) पट्टेदारी का उन्मूलन

(C) रैयतवाड़ी व्यवस्था

(D) भूमि की हदबंदी अधिनियम

4. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक आंदोलनों के लिए सही है ?

(A) सामाजिक आंदोलन में एक लंबे समय तक निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है।

(B) सामाजिक गतिविधियों को कुछ हद तक संगठन द्वारा चिह्नित करने की आवश्यकता नहीं है।

(C) इस संगठन में नेतृत्व तथा संरचना नहीं होती है।

(D) ऐसा हो सकता है कि इसमें भाग लेने वाले लोगों के उद्देश्यों तथा विचारधाराओं में समानता नहीं हो।

5. सेवा क्षेत्रों जैसे सॉफ्टवेयर उद्योग में काम करने वाले कर्मचारियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है :

(A) सॉफ्टवेयर में काम करने वाले लोग मध्यम वर्गीय और पूर्णत: शिक्षित होते हैं।

(B) उनका कार्य स्वत: स्फूर्त एवं रचनात्मक होता है।

(C) औसतन 10-12 घंटे का कार्यदिवस, और रातभर कार्य करने वाले कर्मचारी भी असामान्य बात नहीं हैं।

(D) अपने अधिकारियों को नहीं दिखाना चाहते हैं कि वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

6. अकाल बढ़ती हुई ______________ का एक प्रमुख पुनरावर्तक स्त्रोत है।

(A) प्रजनन दर

(B) मृत्यु दर

(C) निर्भरता

(D) लिंग अनुपात

**3.** Which of the following is ***not*** true about land reforms in Independent India ?

(A) Abolition of the Zamindari System

(B) Tenancy Abolition

(C) Raiyatwari System

(D) Land Ceiling Acts

**4.** Which of the following statements is true for social movements ?

(A) A social movement requires sustained collective action over time.

(B) Collective action need not be marked by some degree of organisation.

(C) This organisation may not include a leadership and a structure.

(D) Those participating in a social movement may not have shared objectives and ideologies.

**5.** Which of the following statements is ***incorrect*** with regard to professionals working in the service sector such as software industry ?

(A) Software professionals are middle class and well educated.

(B) Their work is supposed to be self-motivated and creative.

(C) 10-12 hours is an average work day, and its not uncommon for employees to stay overnight in the office.

(D) They do not want to show the boss that they are working hard.

**6.** Famines were a major and recurring source of increased _____________.

(A) Fertility

(B) Mortality

(C) Dependency

(D) Sex-ratio

7. 'शुद्ध जातियों' के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?

(A) वे पवित्र के करीब हैं।

(B) उनकी स्थिति निम्न है।

(C) उनके पास भौतिक शक्ति नहीं है।

(D) ऐसा माना जाता है कि वे युद्धों में पराजित हो गए थे।

8. ________ जाति व्यवस्था का एक अत्यंत घृणित एवं दूषित पहलू है, जो धार्मिक एवं कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता एवं अशुद्धता के पैमाने पर सबसे नीची मानी जाने वाली जातियों के सदस्यों के विरुद्ध अत्यंत कठोर सामाजिक दंडों का विधान करता है।

यहाँ किस अवधारणा की बात कही गई है ?

(A) भेदभाव (B) अस्पृश्यता

(C) पूर्वाग्रह (D) सामाजिक विषमता

9. अभिकथन *(A) :* सांस्कृतिक विविधता कठोर चुनौतियाँ प्रस्तुत कर सकती है।

*कारण (R) :* सांस्कृतिक विविधता आर्थिक और सामाजिक असमानताओं से नहीं जुड़ी है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

10. जनसांख्यिकीविदों और समाजशास्त्रियों ने भारत में स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के कई कारण बताए हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने का कारण ***नहीं*** है ?

(A) शैशवावस्था में बच्चियों की देखभाल ना करना

(B) लिंग-विशेष के गर्भपात

(C) बालिका शिशुओं की हत्या

(D) जागरूकता

7. Which of the following is true for 'Pure Castes' ?

(A) They are close to the sacred.

(B) They have a low status.

(C) They do not have material power.

(D) It is believed that they were defeated in wars.

8. _______________ is an extreme and particularly vicious aspect of the caste system that prescribes stringent social sanctions against members of castes located at the bottom of the purity-pollution scale.

Which concept is being talked about here ?

(A) Discrimination (B) Untouchability

(C) Prejudices (D) Social Inequality

9. *Assertion (A) :* Cultural diversity can present tough challenges.

*Reason (R) :* Cultural diversity is not linked to economic and social inequalities.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

10. Demographers and sociologists have offered several reasons for the decline in the sex ratio in India.

Which of the following is ***not*** a reason for the decline in the sex-ratio ?

(A) Not looking after girl babies in infancy

(B) Sex-specific abortions

(C) Female infanticide

(D) Awareness

**11.** भारत सरकार अधिनियम, ________________ ने निर्धारित जातियों तथा जनजातियों की सूचियों या अनुसूचियों को वैध मान्यता प्रदान कर दी।

(A) 1927 (B) 1947

(C) 1953 (D) 1935

**12.** अभिकथन *(A) :* अधिकांश समाजों की तरह भारत में भी सामाजिक भेदभाव तथा बहिष्कार चरम रूप में पाया जाता है।

*कारण (R) :* इतिहास की विभिन्न अवधियों में जाति, लिंग तथा धार्मिक भेदभाव के विरुद्ध आंदोलन नहीं हुए हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**13.** अभिकथन *(A) :* क्षेत्रिय भावनाओं को आदर देना मात्र ही राज्य निर्माण के लिए काफ़ी नहीं है।

*कारण (R) :* इसके लिए एक ऐसा संस्थागत ढाँचा होना भी जरूरी है, जो यह सुनिश्चित कर सके कि वह एक बड़े संघीय ढाँचे के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में चल सकता है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**14.** 'घुमक्कड़ मज़दूर' के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य ***नहीं*** है।

(I) प्रवास का घुमक्कड़ मज़दूर से कोई संबंध नहीं है।

(II) इसका तात्पर्य स्वतंत्रता से है।

(III) उनका शोषण किया जाता है।

(A) (I) और (II) (B) (II) और (III)

(C) (I) और (III) (D) (I), (II) और (III)

**11.** The Government of India Act, ______________ gave legal recognition to the lists or schedules of castes and tribes marked out for special treatment by the State.

(A) 1927 (B) 1947

(C) 1953 (D) 1935

**12.** *Assertion (A) :* India, like most societies, has been marked by acute practices of social discrimination and exclusion.

*Reason (R) :* At different periods of history, no protest movements arose against caste, gender and religious discrimination.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**13.** *Assertion (A) :* Respecting regional sentiments is not just a matter of creating states.

*Reason (R) :* This has to be backed up with an institutional structure that ensures their viability as relatively autonomous units within a larger federal structure.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** Which of the following is ***not*** true for 'footloose labour' ?

(I) Migration does not have any relations with footloose labour.

(II) It implies freedom.

(III) They are exploited.

(A) (I) and (II) (B) (II) and (III)

(C) (I) and (III) (D) (I), (II) and (III)

**15.** अभिकथन *(A) :* किसान जो मौसम, मिट्टी और बीजों की अपनी समझ के आधार पर फसल उगाना जानता है, वह अकुशल है।

*कारण (R) :* मशीनों का प्रयोग कार्यकर्ताओं की दक्षता को कम करता है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**16.** जब राजा राममोहन रॉय ने सती प्रथा का विरोध किया तथा ब्रह्म समाज की स्थापना की तो सती प्रथा के प्रतिरक्षकों ने धर्म सभा स्थापित की तथा अंग्रेज़ों को सती के विरुद्ध कानून न बनाने के लिए याचिका दी।

यह निम्नलिखित में से किस आंदोलन पर प्रकाश डालता है ?

(A) नए सामाजिक आंदोलन (B) सामाजिक परिवर्तन

(C) प्रतिरोधी आंदोलन (D) क्रांतिकारी आंदोलन

## खण्ड ख

**17.** (क) हरित क्रांति के प्रथम चरण 1960 तथा 1970 दशकों में, नई तकनीक के लागू होने से ग्रामीण समाज में असमानताएँ बढ़ने का आभास हुआ। हरित क्रांति की फसलें अधिक लाभ वाली थीं क्योंकि इनसे अधिक उत्पादन होता था।

उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

नई तकनीक के लागू होने से ग्रामीण समाज में किस प्रकार असमानताएँ बढ़ीं ? *2*

**अथवा**

15. *Assertion (A) :* Farmers who know how to grow crops based on their understanding of the weather, soil and seeds are unskilled.

*Reason (R) :* Machinery deskills workers.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

16. When Raja Rammohan Roy campaigned against Sati and formed the Brahmo Samaj, defenders of Sati formed Dharma Sabha and petitioned the British not to legislate against Sati.

Which of the following movement does it highlight ?

(A) New Social Movement (B) Social Change

(C) Counter Movement (D) Revolutionary Movement

## SECTION B

17. (a) In the first phase of the Green Revolution, in the 1960s and 1970s, the introduction of new technology seemed to be increasing inequalities in rural society. Green Revolution crops were highly profitable, mainly because they yielded more produce.

Based on the above passage, answer the question given below :

How did the introduction of new technology increase inequalities in rural society ? *2*

**OR**

(ख) बहुत से गाँव में रहने वाले लोग सरकारी नौकरी जैसे डाकखाने में, शिक्षा विभाग में, कारखाने में कामगार या सेना की नौकरी करते हैं, उनकी जीविका अकृषि क्रियाकलापों से चलती है।

उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

गाँव के परंपरागत व्यवसायों में आज गिरावट क्यों आई है ?

**18.** "बहुत सी फ़ैक्ट्रियाँ में बदली कामगार भी होते हैं।" बदली कामगार कौन हैं ? *2*

**19.** एक उदाहरण की सहायता से क्रांतिकारी आंदोलन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। *2*

**20.** अधिकांश राज्यों में भूमि की हदबंदी अधिनियम 'दंतविहीन' क्यों साबित हुए ? दो कारण दीजिए। *1+1=2*

**21.** संगठित और असंगठित क्षेत्र के बीच अंतर कीजिए। *1+1=2*

**22.** नगरीकरण में हो रही तेज़ संवृद्धि यह दर्शाती है कि कस्बे या शहर, ग्रामीण जनता को चुंबक की तरह अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इस कथन के दो कारण दीजिए। *1+1=2*

**23.** परिवार राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। दो उदाहरणों की सहायता से पुष्टि कीजिए। *1+1=2*

**24.** (क) हमारे परिवारों या धार्मिक अथवा क्षेत्रीय समुदायों की सदस्यता में पूर्वशर्तें नहीं होती हैं, फिर भी यह संपूर्ण होती है। वास्तव में, अधिकांश प्रदत्त पहचानें इतनी पक्की होती हैं कि उन्हें हिलाया नहीं जा सकता; भले ही हम उन्हें अस्वीकार करने की कोशिश करें तब भी दूसरे लोग शायद उन्हीं चिह्नों से जोड़कर हमारी पहचान करते रहेंगे।

उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

सामुदायिक पहचानों को क्यों नहीं हिलाया जा सकता है ? *2*

**अथवा**

(ख) सामुदायिक पहचानों के साथ राष्ट्र-राज्य के संबंधों की दृष्टि से भारत की स्थिति न तो आत्मसात्करणवादी और न ही एकीकरणवादी की है।

आत्मसात्करणवादी नीतियों का उद्देश्य क्या है ?

**25.** अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि विभिन्न समाजों में विविध प्रकार के परिवार पाए जाते हैं। उत्तराधिकार के नियम के अनुसार परिवार के दो प्रकार लिखिए। *1+1=2*

(b) There are rural residents employed in government services such as the postal and educational departments, factory workers, or in the army, who earn their living through non-agricultural activities.

Based on the above passage, answer the following question.

Why have traditional occupations declined in rural India ?

**18.** "Many factories employ badli workers". Who are badli workers ? *2*

**19.** Define the concept of revolutionary movement with the help of an example. *2*

**20.** Why were the Land Ceiling Acts 'toothless' in most of the states ? Give two reasons. *1+1=2*

**21.** Differentiate between organised and unorganised sector. *1+1=2*

**22.** The rapid growth in urbanisation shows that the town or the city has been acting as a magnet for the rural population.

Give two reasons for the above statement. *1+1=2*

**23.** The family is linked to the political, economic, cultural and educational spheres. Justify with the help of two examples. *1+1=2*

**24.** (a) Membership in our families or religious or regional communities is without preconditions, and yet it is total. In fact, most ascriptive identities are very hard to shake off; even if we choose to disown them, others may continue to identify us by those very markers of belonging.

Based on the above passage, answer the following question.

Why are community identities hard to shake off ? *2*

**OR**

(b) In terms of the nation-states relationship with community identities, the Indian case fits neither the assimilationist nor the integrationist model.

What do policies of assimilation aim at ?

**25.** Studies have shown how diverse forms of family are found in different societies. With regard to the rules of inheritance, explain the two forms of family. *1+1=2*

## खण्ड ग

**26.** 'जनजाति' एक आधुनिक शब्द है जो ऐसे समुदायों के लिए प्रयुक्त होता है जो बहुत पुराने हैं और उप-महाद्वीप के सबसे पुराने निवासी हैं। जनजातियाँ ऐसे समुदाय थे जो किसी लिखित धर्मग्रंथ के अनुसार किसी धर्म का पालन नहीं करते थे; उनका कोई सामान्य प्रकार का राज्य या राजनीतिक संगठन नहीं था और उनके समुदाय कठोर रूप से वर्गों में नहीं बँटे हुए थे।

सकारात्मक विशिष्टताओं के आधार पर, जनजातियों को कई लक्षणों के अनुसार विभाजित किया गया है। इन लक्षणों को स्पष्ट कीजिए। *4*

**27.** (क) व्यवस्थित शासन के लिए उपनिवेशवाद ने विभिन्न क्षेत्रों में भारी परिवर्तन की शुरुआत की। किन्हीं दो क्षेत्रों में परिवर्तनों का नामोल्लेख करते हुए उनकी व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) नगरीकरण और औद्योगीकरण जुड़ी हुई प्रक्रियाएँ हैं। समझाइए।

**28.** रूढ़िबद्ध धारणा तथा भेदभाव में क्या अंतर है ? *4*

**29.** सामाजिक स्तरीकरण क्या है ? सामाजिक स्तरीकरण के प्रमुख सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। *4*

**30.** संस्कृतीकरण की अवधारणा का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। *4*

**31.** स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण समाज में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपांतरण हुए। इन बदलावों को समझाइए। *4*

**32.** कोयला खदानों में काम करने वाले मज़दूरों की कार्यावस्थाओं की चर्चा कीजिए। *4*

## SECTION C

**26.** 'Tribe' is a modern term for communities that are very old, being among the oldest inhabitants of the sub-continent. Tribes were communities that did not practice a religion with a written text; did not have a state or political form of the normal kind and did not have sharp class divisions.

In terms of positive characteristics, tribes have been classified according to certain traits. Explain the traits. *4*

**27.** (a) To facilitate the smooth functioning of its rule, colonialism introduced a wide array of changes in every sphere. Name and explain the changes in any two spheres. *4*

**OR**

(b) Urbanization and Industrialisation are linked processes. Explain.

**28.** Differentiate between stereotypes and discrimination. *4*

**29.** What is social stratification ? Explain the key principles of social stratification. *4*

**30.** Critically examine the concept of Sanskritisation. *4*

**31.** Several profound transformations in the nature of social relations in rural areas took place in the post-Independence period. Explain these transformations. *4*


**32.** Explain the working conditions of workers working in coal mines. *4*

〰

**खण्ड घ**

**33.** *भारत में जन्म एवं मृत्यु दरें 1901 – 2017*

चार्ट 1 : भारत में जन्म एवं मृत्यु दरें 1901 – 2017




*स्रोतः राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग, भारत सरकार*

*वेबसाइटः https://populationcommission.nic.in/facts1.htm# राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रालेख 2018, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; आर्थिक सर्वेक्षण 2018–19, भारत सरकार।*

ग्राफ के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) वर्ष 1911 – 20 के दौरान जन्म दर और मृत्यु दर के बीच क्या संबंध है ? *2*

(ख) नकारात्मक जनसंख्या संवृद्धि दर को परिभाषित कीजिए। *2*

(ग) कौन-सा वक्र अधिक तेज़ी से गिरता है ? इसका एक कारण बताइए। *2*

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 33 के स्थान पर हैं :*

वर्ष 1901-1951 के बीच औसत वार्षिक संवृद्धि दर 1·33% से अधिक नहीं हुई जो कि एक साधारण संवृद्धि दर कही जा सकती है। सच तो यह है कि 1911 से 1921 के बीच संवृद्धि की दर नकारात्मक यानी ऋणात्मक रूप से – 0·03% रही। इसका कारण 1918-19 के दौरान इंफ्लूएंजा महामारी का भीषण तांडव था जिसने लगभग 1·25 करोड़ लोगों यानी देश की कुल जनसंख्या के 5% अंश को मौत के मुँह में ढकेल दिया था (विसारिया और विसारिया 2003 : 191)। ब्रिटिश राज से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जनसंख्या संवृद्धि की दर में काफ़ी बढ़ोतरी हुई और वह 1961-1981 के दौरान 2·2% पर पहुँच गई। तब से, यद्यपि वार्षिक संवृद्धि दर में गिरावट तो आई है फिर भी वह विकासशील दुनिया में सबसे ऊँची बनी हुई है।

दिए गए अनुच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :


(क) वर्ष 1911-20 के दौरान जन्म दर और मृत्यु दर के बीच क्या संबंध है ? *2*

(ख) नकारात्मक जनसंख्या संवृद्धि दर को परिभाषित कीजिए। *2*

(ग) जन्म दर और मृत्यु दर में से कौन-सी दर तेजी से घटती है ? इसका एक कारण बताइए। *1+1=2*

## SECTION D

**33.** *Birth and Death rate in India 1901 – 2017*




**Source:** *National Commission on Population, Government of India. website: http://populationcommission.nic.in/facts1.htm# National Health Profile 2018, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India; Economic Survey 2018–19, Government of India.*

Based on the above graph, answer the following questions :

(a) What is the relation between birth rate and death rate during the years 1911-2020 ? *2*

(b) Define negative growth rate. *2*

(c) Which curve declines faster ? Give one reason for the same. *2*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **33**.*

Between 1901-1951 the average annual growth rate did not exceed 1·33%, a modest rate of growth. In fact between 1911 and 1921 there was a negative rate of growth of – 0·03%. This was because of the influenza epidemic during 1918-19 which killed about 12·5 million persons or 5% of the total population of the country (Visaria and Visaria 2003 : 191). The growth rate of population substantially increased after independence from British rule going up to 2·2% during 1961-1981. Since then, although the annual growth rate has decreased, it remains one of the highest in the developing world.

Based on the given data, answer the following questions :

(a) What is the relation between birth rate and death rate during the years 1911-20 ? *2*

(b) Define negative growth rate. *2*

(c) Between birth rate and death rate, which rate declines faster ? Give one reason. *1+1=2*

**34.** जहाँ विरोध सामूहिक गतिविधि का सर्वाधिक मूर्त रूप है, वहीं सामाजिक आंदोलन समान रूप से महत्त्वपूर्ण अन्य तरीकों से भी कार्य करता है। सामाजिक आंदोलनकारी लोगों को उनसे संबंधित मुद्दों पर प्रेरित करने के लिए सभाएँ करते हैं। ऐसी गतिविधियाँ साझा सोच में सहायक होती हैं तथा सामूहिक एजेंडा को आगे बढ़ाने में स्वीकृति की भावना अथवा आम सहमति के लिए लोगों को तैयार करवाती हैं। सामाजिक आंदोलन प्रचार योजनाएँ भी बनाते हैं जिसमें सरकार पर दबाव बनाने वाले, संचार और जनमत तैयार करने वाले अन्य महत्त्वपूर्ण लोग भी शामिल होते हैं।

उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) किन्हीं दो सामाजिक आंदोलनों और उनके द्वारा लड़े गए मुद्दों के नाम बताइए। *2*

(ख) सामाजिक आंदोलन विरोध के विशिष्ट साधनों को भी विकसित करता है। उदाहरण लिखिए। *4*

**35.** राज्य में नागरिक समाज की भूमिका पर चर्चा कीजिए। *6*

**34.** While protest is the most visible form of collective action, a social movement also acts in other, equally important ways. Social movement activists hold meetings to mobilise people around the issues that concern them. Such activities help shared understanding, and also prepare for a feeling of agreement or consensus about how to pursue the collective agenda. Social movements also chart out campaigns that include lobbying with the government, media and other important makers of public opinion.

Based on the above passage, answer the following questions :

(a) Name any two social movements and the issues that they fought for. *2*

(b) Social movements also develop distinct modes of protest. Give examples. *4*

**35.** Discuss the role of civil society in the state. *6*